14. मिलिए शूटिंग गर्ल मनु भाकर से

श्रुतलेखन (12)

हस्ती शूटिंग इतिहास

रुचि ओलंपिक प्रयास

पत्रकार दुनिया लक्ष्य उड़ान

ट्रायल सफलता

2. **बताइए**

क. पाठ में शूटिंग गर्ल किसे कहा गया है?

उ. पाठ में शूटिंग गर्ल मनु भाकर को कहा गया है।

ख. मनु भाकर ने पेरिस ओलिंपिक में कितने पदक जीते?

उ. मनु भाकर ने पेरिस ओलिंपिक में दो कांस्य पदक जीते।

ग. मनु ने अपनी सफलता में स्वयं से ज़्यादा किसका योगदान बताया?

उ. मनु ने अपनी सफलता में स्वयं से ज़्यादा अपने माता-पिता का योगदान बताया।

घ. मनु भाकर के माता-पिता के बारे में बताइए।

उ. मनु भाकर के पिता का नाम रामकिशन भाकर है जो मर्चेंट नेवी में इंजीनियर हैं और माँ सुधा भाकर शिक्षिका हैं।

3. **सोचिए/मूल्यपरक प्रश्न**

✧ खेलों में भाग लेने से हमारे किन गुणों का विकास होता है?

उ. खेलों में भाग लेने से हमारे चारित्रिक गुणों का विकास होता है। हममें अनुशासन, श्रम और प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। साथ ही हमें समूह में कार्य करने की आदत होती है।

लिखिए

1. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए—**

क. बचपन में मनु भाकर की रुचि किस खेल में थी? ✓ बॉक्सिंग

ख. मनु भाकर ने शूटिंग की शुरुआत कब की? ✓ 2016

मिलान कीजिए—

मनु भाकर	कोच
राम किशन भाकर	माता
सुधा भाकर	पिता
जसपाल राणा	शूटिंग गर्ल

3. **पाठ के आधार पर वाक्यों को पूरा कीजिए—**

क. मनु जी, इस मंच पर आपका बहुत-बहुत स्वागत और ...इतनी बड़ी उपलब्धि के लिए ढेर सारी बधाइयाँ।...

ख. एक बात तो अवश्य कहना चाहूँगी कि इस सफलता में जितना मेरा योगदान है, ...उससे कहीं ज़्यादा मेरे माता-पिता का है।...

ग. 2017 में केरल में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में मैंने ...नौ स्वर्ण पदक जीतक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।...

घ. अपना लक्ष्य निर्धारित कीजिए और ...हौसलों को उड़ान दीजिए।...

4. **कुछ शब्दों में उत्तर लिखिए—**

क. मनु भाकर ने शूटिंग का ट्रायल कहाँ लिया था?

उ. मनु भाकर ने शूटिंग का ट्रायल दिल्ली के जसपाल राणा शूटिंग रेंज में लिया था।

ख. जसपाल राणा का मनु के जीवन में क्या योगदान रहा?

उ. एक कोच के रूप में जसपाल राणा ने भी मनु भाकर को शूटिंग की ट्रेनिंग दी।

ग. मनु भाकर ने किस प्रतियोगिता में नौ स्वर्ण पदक जीते?

उ. मनु भाकर ने 2017 में केरल में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में नौ स्वर्ण पदक जीते।

5. **कुछ वाक्यों में उत्तर लिखिए—**

क. मनु भाकर ने बॉक्सिंग क्यों छोड़ी और उसके बाद वे किस खेल से जुड़ीं?

उ. आँख में चोट लग जाने और माँ के कहने पर मनु भाकर ने बॉक्सिंग छोड़ दिया। उसके बाद वह क्रिकेट, कबड्डी, तैराकी, स्केटिंग, कराटे, लॉन टेनिस आदि खेलों से जुड़ गई।

ख. मनु भाकर का शूटिंग के प्रति रुझान कब से हुआ?

उ. एक बार मनु भाकर अपने पापा के साथ दिल्ली चाचा के यहाँ आई। पास में ही शूटिंग रेज था। एक दिन वह पापा के साथ शूटिंग रेंज में घूम रही थी तो पापा ने उसे शूटिंग का ट्रायल लेने के लिए कहा। ट्रायल अच्छा रहा। तभी से उसका रुझान शूटिंग की तरफ़ हो गया।

ग. मनु भाकर अपनी उपलब्धियों के बारे में क्या कहती हैं?

उ. मनु भाकर ने अपनी उपलब्धियों के बारे में बताया कि उसने 2016 में शूटिंग की दुनिया में कदम रखा और 2017 से उसकी प्रतियोगिता आरंभ हो गई। उसने 2017 में केरल में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में नौ स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। फिर 2024 पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीते।

समझिए व्याकरण संबोध

1. **दो-दो पर्यायवाची लिखिए—**

प्रतिभा — ...योग्यता... ...क्षमता...

उम्र — ...आयु... ...अवस्था...

माता — ...जननी... ...अंबा...

रुझान — ...रुचि... ...आकर्षण...

शुरुआत — ...आरंभ... ...प्रारंभ...

दुनिया — ...संसार... ...जगत...

2. **उचित उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए और उनके अर्थ लिखिए—**

वि:

देश — ···विदेश··· — ···पराया देश···

कृति — ···विकृति··· — ···बिगड़ा हुआ रूप···

क्रय — ···विक्रय··· — ···बेचना···

तर्क — ···वितर्क··· — ···तर्क के विपरीत दिया गया तर्क···

अ:

ज्ञान — ···अज्ञान··· — ···ज्ञान का अभाव···

बूझ — ···अबूझ··· — ···जिसे जानना-समझना कठिन हो···

रुचि — ···अरुचि··· — ···नापसंदगी···

प्राकृतिक — ···अप्राकृतिक··· — ···जो प्रकृति के अनुरूप न हो···

3. **पाठ में से अंग्रेज़ी के दस शब्द चुनकर लिखिए—**

···चैंपियन, शूटिंग, गर्ल, बॉक्सिंग, स्केटिंग, ट्रायल, ट्रेनिंग, प्रैक्टिस, मर्चेंट नेवी, नेशनल···

4. **वर्तनी शुद्ध करके लिखिए—**

सक्षात्कार — ···साक्षात्कार···

प्रशीक्षण — ···प्रशिक्षण···

दशार्ता — ···दर्शाता···

महीला — ···महिला···

उर्म — ···उम्र···

कांश्य — ···कांस्य···

अंतराष्ट्रीय — ···अतरराष्ट्रीय···

समानित — ···सम्मानित···

5. **उचित परसर्ग लिखकर पाठांश पूरा कीजिए—**

शुरुआत तो मैंने 2016 ···में··· अपने स्कूल ···से··· ही की, उसके बाद अपने गाँव ···से··· 25 किलोमीटर दूर सीनियर सेकेंडरी स्कूल झज्जर ···के··· शूटिंग रेंज ···से··· की। मेरी शूटिंग ···की··· प्रैक्टिस ···के लिए··· पापा ···ने··· अपनी नौकरी छोड़ दी और मेरे साथ रहे। मैंने कोच जसपाल राणा से भी शूटिंग की ट्रेनिंग ली।

विषय संवर्धन गतिविधियाँ (Subject Enrichment Activities)

... विजेता किम येजी से 0.1 अंक कम प्राप्त कर और चिंग ...